उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 137 /05/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2025/01-परीक्षा/2025

लखनऊ : दिनांक : 27 अगस्त, 2025

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2025, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 06 व 07 सितम्बर, 2025 को प्रत्येक दिन दो पालियों में प्रदेश के 48 जनपदों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा हेतु जनपद की जानकारी के लिए **परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना** सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध Examination सेगमेंट के अंतर्गत सम्बन्धित विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं व उसे डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **यह लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नहीं है। लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी को वैध प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।**

यह भी सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के पंजीकृत ईमेल पर परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना तथा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने सम्बन्धी लिंक भी प्रेषित किया जा रहा है। आयोग द्वारा मुख्य वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी उक्त लिंक के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जाएगा।

27.08.2025
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

Adit Sivdp